1	2	3		5
5	29-11-1994	Mr. Jeet Singh, Mr. Balkishan Dass and Mr. N.P. Singh, Kali Bari, New Delhi.	Kali Bari	Quality of sugar.
6	18-1-1995	Central Govt. Employees Residents Welfare Association (Type 'B') J-Block, Mandir Marg, New Delhi.	2204, Kali Bari	Quality of wheat/ its non-availability.
7	21-1-1995	Mr. Radhey Shyam, Sec. 9, R.K. Puram, New Delhi.	6397, R.K. Puram Sec.-IX-A	Quality of wheat.
8	7-2-1995	D.I.E. Jankalyan Samiti (Regd.) Block-27/1 B, P & T Quarters. Kali Bari Marg, New Delhi.	6364, D.I.Z.	Quality of wheat. rice & sugar and opening of branch of Kendriya Bhandar in Sector-4, Gole Market, New Delhi.
9	26-2-1995	Mr. Daya Nand & Mr. Anil Kumar Kali Bari, New Delhi.	2204, Kali Bari	Quality of sugar

राशन में घटिया किस्म की सामग्री के बारे में शिकायत

1634. डा० रणबीर सिंह :
श्री राम नाथ कोविन्द :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय भंडार के अधीन चलने वाली उचित दर दुकानों की संख्या कितनी है ;

(ख) काली बाड़ी, डी०आई०जेड० एरिया, गोल मार्किट, नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय भंडार (उचित दर दुकान सं० 2204) में कितने राशन कार्डधारी पंजीकृत हैं और इस दुकान में प्रतिमास आपूर्ति की जाने वाली राशन की सामग्री का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि उपर्युक्त दुकान में नवम्बर, 1994 से घटिया किस्म के राशन की आपूर्ति की जा रही है और उपभोक्ताओं द्वारा बहिष्कार के बावजूद दुकानदार द्वारा राशन की वस्तुओं को वापस नहीं लिया जा रहा है और राशन की वस्तुओं को तोलने में काफी हेरा-फेरी की जा रही है ;

(घ) यदि हां, तो सरकार को उक्त दुकान के खिलाफ कितनी शिकायतें मिली हैं और इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि भविष्य में उपभोक्ताओं को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ; और

(ङ) क्या सरकार उक्त दुकानदार को राशन की वस्तुओं को कम तोलने के लिए कोई दण्ड देने का विचार रखती है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) : (क) केन्द्रीय भण्डार 42 उचित दर दुकानें चला रहा है (दिल्ली में 38 दिल्ली से बाहर 4)।

(ख) दिनांक 28-2-95 की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय भण्डार उचित दर दुकान संख्या 2204 में पंजीकृत राशन कार्डधारियों की संख्या 1825 है। इस उचित दर दुकान में आपूर्ति की गई औसत मासिक राशन वस्तुएं निम्नानुसार हैं :—

गेहूं	चावल	चीनी
136 क्विंटल	136 क्विंटल	59 क्विंटल

(ग) और (घ) नवम्बर, 1994 से केन्द्रीय भण्डार को, उपयुक्त दुकान में आपूर्ति की जा रही गेहूं तथा चीनी की गुणवत्ता के सम्बन्ध में तीन शिकायतें मिलीं। चीनी की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायत सही नहीं पाई गई । तथापि, गेहूं की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायत मिलने पर, राशन कार्डधारियों तक इसके वितरण को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई और ताजा गेहूं प्राप्त करके उन्हें उपलब्ध कराया गया । केन्द्रीय भण्डार की उचित दर दुकानों के लिए राशन की वस्तुओं की आपूर्ति भारतीय खाद्य निगम द्वारा की जाती है जो विभिन्न स्तरों पर वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच करता है । केन्द्रीय भण्डार के कर्मचारियों को स्थायी अनुदेश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर पर भी राशन वस्तुओं की गुणवत्ता की आवश्यक जांच करके केवल अच्छी किस्म का माल उठाएं ।

कम तोलने की कोई शिकायत नहीं मिली है ।

(ङ) उपर्युक्त (ग) और (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

Inferior quality of foodgrains items in FPS

1635. SHRI IQBAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the inferior quality of foodgrain items are supplied at Kendriya Bhandar Fair Price Shop situated at CPWD Housing Complex, Vasant Vihar, New Delhi

(b) if so, what are the reasons for availability of inferior quality of food grain items at the aforesaid fair-price shop; and

(c) what steps Government propose to take to provide better quality of foodgrain items to the residents of the said colony?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) to (c) It is not correct to say that inferior Quality of food grain items are supplied through the Kendriya Bhandar's Fair Price Shop situated at CPWD Housing Complex. Vasant Vihar. The food grain items are supplied by the Food Corporation of India for the Fair Price shops of Kendriya Bhandar. Bofare supply Food Corporation of India carries out strict quality checks. The Kendriya Bhandar also conducts quality checks at the time of receipt of stocks. Specific complaints received in this regard are looked into for taking remedial action.

सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी यात्रा रियायत (एल०टी०सी०) के स्थान पर नकद भुगतान

1636. श्री गोविन्दराव आदिक : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी गृह नगर के मामले में 2 वर्ष में एक बार और गृह नगर के अतिरिक्त भारत में किसी भी स्थान के लिए 4 वर्ष में एक बार एलटी०सी० सुविधा प्राप्त करने के हकदार हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि ऐसे मामलों में बहुत-सी अनियमितताएं पाई गई हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसी अनियमितताओं से छुटकारा पाने के लिए अपने कर्मचारियों को प्रत्येक 2 वर्ष के बाद उनके वेतन के बराबर नकद धनराशि का भुगतान करने का विचार रखती है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मार्गेट आल्वा) : (क) केन्द्रीय सिविल सेवाएं (छुट्टी यात्रा रियायत) नियम, 1988 के अंतर्गत केन्द्र सरकार के कर्मचारी गृह नगर के मामले में दो वर्ष के एक ब्लाक में एक